**आकाशीय बिजली** | बैहर-गढ़ी में 8 घायल, दो गंभीर ; आंधी-बारिश से बचने वॉच टॉवर पर चढ़े थे

# आकाशीय बिजली गिरने से 4 की मौत



**नवभारत, बैहर।** बालाघाट जिले के बैहर और गढ़ी थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम बदलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। अलग-अलग गांवों में हुई इस घटना में आठ अन्य लोग घायल हुए है। घायलों में से दो की हालत बेहद गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पहली बड़ी घटना बैहर थाना क्षेत्र के बिरवा हवाई पट्टी के पास भमोड़ी वन विभाग कैंप में हुई। यहां बिरवा निवासी सतीश वलके (19) और लक्की मेरावी (18) अपनी बहनों के साथ तालाब की ओर गए थे। वहीं भमोड़ी निवासी झामसिंह ताराम (34) और गुचरी ताराम (50) जंगल में लकड़ी काटने निकले थे।

अचानक तेज आंधी-तूफान और बारिश शुरू होने पर करीब 9 लोग पास ही बने वन विभाग के वॉच टॉवर में छिप गए। सतीश और लक्की टॉवर के सबसे ऊपरी हिस्से में थे। इसी दौरान टॉवर से सटे एक साल के पेड़ पर जोरदार बिजली कड़कड़ाकर गिरी।
हादसे में सबसे ऊपरी हिस्से में मौजूद सतीश वलके और लक्की मेरावी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से झुलसे झामसिंह ताराम ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। बम्हनी निवासी शालिनी पिता सबजीत वलके (13) भिमोड़ी निवासी देवसिंह पिता कतियासिंह ताराम (50), अतरिया निवासी महेश पिता संतलाल तेकाम (35), देवलाल पिता बजारी तेकाम (50), रायसिंग पिता हजारी पंद्र (52) तथा कौशल्या मरावी (70) वर्ष शामिल है।

दूसरी घटना गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुर्सीपार के कोमो गांव की है, जहां नुंकाटोला निवासी चंद्रावती पति कैलाश पुसाम (39) की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इसके अलावा बैहर के ही ग्राम बम्हनी में एक मकान पर बिजली गिरने से दो लोग घायल हो गए, हालांकि उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

हादसे में घायल हुए अन्य लोगों में भमोड़ी निवासी गुचरी ताराम (50) और एक अन्य की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बैहर अस्पताल से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। चार अन्य घायलों का इलाज बैहर अस्पताल में ही चल रहा है। बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोल्हे ने बताया-डायल 100 पर सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया गया है।

# महिलाओं के सम्मान की बात करने वाली भाजपा ने बहनों का छीन लिया रोजगार

**क्षेत्र की दर्जनों महिला रसोईयों ने विधायक विवेक पटेल को सौंपा ज्ञापन**




**नवभारत, वारासिवनी।** स्व सहायता समूहो की स्कूलों में कार्यरत रसोईयों को बिना सूचना काम से निकालने का बालाघाट जिला सीईओ अभिषेक सर्राफ द्वारा आदेश जारी किया है। ईसोईयों को काम से बंद करवाने को लेकर शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों रसोईया विधायक विवेक विक्की पटेल के जनसंपर्क कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने विधायक विवेक पटेल से मुलाकात कर काम में बंद होने वाली रसोईयों को वापस स्कूल में कार्य पर रखने की माँग को लेकर विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान ज्योतिकला पटले, राजेश्वरी बोपचे, माधुरी अवधिया, जसवंता पटले, महमूद मिसा अली, जुलेखा खान, पूर्णिमा सोनवाने, आवेदा बी, पुष्पा भोयर, नीला शेन्दे, कला कुंजाम, श्यामवती पजराहे, माधुरी वघाड़े, कमलाबाई राहंगडाले, बारुला बाई परते, नीलावती भेरम, खेलनबाई नागोसे, श्यामा देशमुख सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

माध्यमिक शाला का संचालन करने वाली समूह की सचिव शोभा पटले ने बताया कि माध्यमिक शाला में कार्यरत रसोईयों को काम से बंद करने का नोटिस जारी हुआ है ।जहा कार्यरत है, वहां से एक-एक रसोईयों को बंद कर रहे है ।जब बंद ही करना है ।तो सभी जगहों से सभी रसोईयों को बंद करे ।किसी एक को बंद करके उसका रोजगार छीना जा रहा है ।बंद करने का कारण बच्चों की संख्या कम होना बता रहे है ।और नोटिस भी हमे लिखती में नहीं मिला है ।मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप में स्कूल के प्रधान पाठक के पास भेजा जा रहा है ।हमने जब प्रधान पाठक से पूछे तो वे कहते है कि जिला सीईओ द्वारा नोटिस भेजा गया है ।जिन रसोईयों को बंद किया गया है ।अगर उन्हें वापस नहीं लिया जाता तो वर्तमान में जो रसोईया कार्यरत है। कोई भी स्कूल में खाना बनाने नहीं जायेगा।

बच्चों की कम संख्या का बहाना बताकर बेवजह निकाला जा रहा समूह की महिलाओं को-विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि हमारी माता बहने मेहनत करके स्कूलों में समूह के माध्यम से भोजन बनाने का कार्य करती है ।महिलाओ ने बताया कि बच्चों की कम संख्या का बहाना बताकर उन्हें बिना नोटिस मिले ही निकाला जा रहा है ।भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात करती है।

ये सिर्फ उनके भाषणों में ही दिखाई देता है ।धरातल पर महिलाओ से रोजगार छीना जा रहा है ।गरीब घरों की महिलाएं दो पैसे कमाने अपने बच्चों का भरण पोषण और उन्हें अच्छी शिक्षा मिले इसलिए वे स्कूलों में खाना बनाने जाती है ।मगर शासन ने अब उनका रोजगार ही खत्म कर दिया है ।मैने अधिकारियों से चर्चा की है ।समूह की महिलाओं को बेवजह ना निकाले ।उन्हें पुनः काम में रखा जाए।

## व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूर्ववत सुचारु रूप से जारी

**बालाघाट।** जिले में व्यावसायिक (कमर्शियल) गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अब पूर्ववत एवं सुचारु रूप से जारी रहेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत कुमार भलावी ने बताया कि 25 जून 2026 को मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के उपयोग एवं आपूर्ति के संबंध में पूर्व में जारी आदेश को विलोपित (निरस्त) कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आदेश निरस्त होने के बाद जिले की सभी अधिकृत गैस एजेंसियां नियमानुसार व्यावसायिक उपभोक्ताओं को कमर्शियल गैस सिलेंडरों का वितरण पूर्व की भांति करती रहेंगी। इससे होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भलावी ने जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य कमर्शियल गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल अधिकृत गैस एजेंसियों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें।

# बैहर एवं बिरसा में नदी-नालों के उफान वाले क्षेत्रों में प्रवेश प्रतिबंधित

**एसडीएम ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

**नवभारत, बैहर।** वर्षा ऋतु के दौरान आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैहर अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री अर्पित गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 26 जून 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 01 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा।

जारी आदेश के अनुसार मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में लगातार वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। इससे बैहर एवं बिरसा तहसील क्षेत्र की नदियों, नालों, बंजर, झरनों तथा तालाबों में जलस्तर बढ़ने और बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका है। ऐसी परिस्थितियों में जनहानि की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं।

आदेश के तहत बैहर एवं बिरसा तहसील क्षेत्र में नदी, नाला, झरना, बंजर और तालाब सहित सभी जलस्त्रोतों के उफान वाले स्थानों पर आम लोगों के आने-जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बाढ़ की स्थिति में किसी भी व्यक्ति को ऐसे स्थलों से 100 मीटर की परिधि के भीतर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, जिन पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन अथवा जमीन धंसने की आशंका है, वहां भी 100 मीटर के दायरे में आमजन का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने नदी-नालों एवं अन्य जलस्त्रोतों में नहाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश आमजन की सुरक्षा के हित में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत एकपक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश से प्रभावित कोई भी व्यक्ति धारा 163(5) के तहत सक्षम न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। विशेष परिस्थितियों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा सकेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे वर्षा के दौरान नदी-नालों और अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।



## वनरक्षक पद भर्ती प्रक्रिया का पैदल चाल परीक्षण

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए वनरक्षक पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत वन वृत्त बालाघाट के नोडल कार्यालय दक्षिण सामान्य वनमण्डल, बालाघाट द्वारा भर्ती की निर्धारित कार्यवाही संपन्न की गई। भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 4314 ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदन पत्रों के परीक्षण के उपरांत पात्र पाए गए 175 अभ्यर्थियों को अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल परीक्षा के लिए कॉल लेटर जारी किए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 जून 2026 को वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय परिसर, बालाघाट में अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप का आयोजन किया गया, जिसमें 51 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इसके बाद 23 जून 2026 को प्रातः 5:30 बजे से 9:30 बजे तक वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय परिसर में पैदल चाल परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 47 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और सभी ने सफलतापूर्वक निर्धारित पैदल चाल पूरी की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं पारदर्शी व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराई जा रही है। आगामी चरणों की कार्यवाही भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरी की जाएगी।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी घोषित

**भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने दी संगठन समर्पण की शुभकामनाएं**

**नवभारत, बालाघाट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की अनुमति तथा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी. जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष बालाघाट रामकिशोर 'नानो' कांवरे की अनुशंसा से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्धांत पाटिल ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की है। इनमें उपाध्यक्ष- संजय जैसवार, अतुल वैद्य, लालदास बारेकर, भारत चौधरी, अनमोल रामटेके, महामंत्री- श्रीमती वैशाली गजभिये, हर्षित रेड्डी, मंत्री- डां संतोष खरोले, दिलीप बेलवंशी, कमलेश सूर्यवंशी, विनोद पंचभाये, डां दीपक चौधरी, कोषाध्यक्ष, रजत डोंगरे, सह कोषाध्यक्ष विनेश डोंगरे, कार्यालय मंत्री कृष्णा मेश्राम, सह कार्यालय मंत्री नितिन सेन्द्रे, मीडिया प्रभारी पवन वैद्य, सह मीडिया प्रभारी शैलेष घरडे, सोशल मीडिया प्रभारी नागसेन वैद्य सह सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती श्यामकली नाग, आईटी प्रभारी सिद्धार्थ खोब्रागड़े, सहआईटी प्रभारी विनय गजभिये, मन की बात प्रमुख रंजीश गौरे, मन की बात सह प्रमुख संत वासनिक, सामाजिक संपर्क प्रमुख भोजलाल श्रीनाग, सामाजिक संपर्क सहप्रमुख श्रीमती मंजू बोरकर, लाभार्थी प्रमुख नंदकिशोर भालाधरे, जिला कार्यकारिणी सदस्य- रामरत्न नन्हेट, अंकुर देशभरतार, रिशु वानखेड़े, अजय गौरे, श्रीमती काजल गौरेख संदीप वैद्य, लखन आनंद, राजू कुरील, श्याम किशोर गजभिये, राजेश मड़के शामिल है। नवनियुक्ति पदाधिकारियों को संगठन सेवा और संगठन समर्पण की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने प्रदत्त दायित्व का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का आव्हवान किया। वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धांत पाटिल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए दायित्व वान पदाधिकारियों से राष्ट्रनिर्माण, संगठन निष्ठा, जनकल्याण के कार्यो में बढचढकर योगदान देने की बात कहीं। क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्ति पदाधिकारियों को बधाईयां दी।

# सबका साथ लेकर क्षेत्र का विकास करूंगी : खुशबू



**नवभारत, खैरलाँजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी परिसर में गुरुवार 25 जून को नवनिर्वाचित कार्यवाहक जनपद अध्यक्ष खुशबू गिरीश बिसेन का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों, सरपंचों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। सांसद भारती पारधी ने खुशबू बिसेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य सुनीता बहेटवार एवं प्रकाश उके, खैरलांजी सरपंच ज्योति नगपुरे, खैरलांजी जनपद के सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र देशमुख, पूर्व जनपद अध्यक्ष राकेश बनोटे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गिरीश बिसेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला एवं ज्ञानेश रहांगडाले, जिला संयोजक आईटी विभाग पलाश बिसेन, मानसिंह बहेटवार, जनपद सदस्य द्रोन डोहरे, सभापति ललित ठाकुर, जनपद सदस्य दिनेश दमाहे, निरंजन बिसेन, डिलेश बिसेन, शैलेश सेट्टी, सरपंच नरेन्द्र ठकरेले सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि कार्यवाहक अध्यक्ष का चुनाव पूर्व जनपद अध्यक्ष आशु गुणीराम बघेले के निर्वाचन निरस्त होने के बाद कराया गया। न्यायालय ने महाराष्ट्र के जाति प्रमाण-पत्र से जुड़े मामले में उन्हें जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष पद के लिए अयोग्य घोषित करते हुए दोनों निर्वाचन शून्य कर दिए थे। जनपद पंचायत में कुल 24 सदस्य हैं, लेकिन एक सदस्य का निर्वाचन भी न्यायालय द्वारा निरस्त होने से 23 सदस्यों ने मतदान किया। राजनीतिक समीकरणों के अनुसार कांग्रेस समर्थित लगभग 15 और भाजपा समर्थित 8 सदस्य माने जा रहे थे, जिससे कांग्रेस की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। लेकिन मतदान परिणाम ने सभी को चौंका दिया।

**खुशबू बिसेन अकेली अध्यक्ष नहीं, आप सभी अध्यक्ष हैं : सांसद**

सांसद भारती पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद अध्यक्ष का दायित्व केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे जनपद के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खुशबू बिसेन अकेली अध्यक्ष नहीं हैं, बल्कि जनपद के सभी सदस्य इस जिम्मेदारी में बराबर के भागीदार हैं। यदि जनपद में अच्छे कार्य होंगे तो उसका श्रेय सभी को मिलेगा और यदि कहीं कमी रह जाएगी तो उसकी जिम्मेदारी भी सभी पर समान रूप से आएगी। उन्होंने सभी जनपद सदस्यों और सरपंचों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनपद अध्यक्ष के साथ एक अनुभवी उपाध्यक्ष भी मौजूद हैं, जिनके अनुभव का लाभ पूरे जनपद को मिलेगा। केंद्र और प्रदेश दोनों स्थानों पर सरकार होने का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# सिक्स ए साइड हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन, वीशू स्ट्राइकर बनी विजेता

**नवभारत, बालाघाट।** जिला मुख्यालय स्थित चंद्रशेखर आजाद एस्टोटर्फ मैदान में जिला हॉकी संघ द्वारा 7 ए साइड हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। उक्त टूर्नामेंट का समापन 26 जून को किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नेहरू स्पोंटिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, हॉकी बालाघाट के सचिव विजय वर्मा, संरक्षक पूरनसिंह भाटिया, राधेलाल दवने, सुशील वर्मा, मौलिक त्रिवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का फाइनल मैच चाहत टाइगर व वीशू स्ट्राइकर के बीच खेला गया। इसमें वीशू स्ट्राइकर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 7-2 गोल से विजयी होकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। टूर्नामेंट के समापन पर विजेता व उपविजेता टीम को उपस्थित अतिथियों के हाथों ट्राफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हॉकी संघ के पदाधिकारी व वरिष्ठ खिलाड़ी सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

इस दौरान नेहरू स्पोंटिंग क्लब अध्यक्ष किरणभाई त्रिवेदी ने कहा कि 7 ए साइड प्रतियोगिता का आयोजन 14 जून से किया गया था। इसमें स्थानीय स्तर की 8 टीमों ने हिस्सा लेकर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट का उद्देश्य बच्चों के खेलों में सुधार करना व उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। जिले में हॉकी के प्रति लोगों की रूचि बढ़ते जा रही है। हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि जिले के खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर स्टेट व राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर अपना व जिले का नाम रोशन करें।

इस संबंध में हॉकी बालाघाट के सचिव विजय वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 7 ए साइड टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। भविष्य में बच्चे अच्छा खेल का प्रदर्शन करें इस मंशा से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आगामी दिनों में भी हॉकी के टूर्नामेंट कराए जाएगे। उन्होंने सभी खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।






इस दौरान हॉकी बालाघाट के उपाध्यक्ष सुशील वर्मा, सहसचिव मकरंद अंधारे, कोषाध्यक्ष तुषार मानकर, राजेश सेवईवार, रमेश उके, गोपाल धुर्वे, रमेश इंगले, सत्यम वर्मा, हॉकी प्रशिक्षक दिव्या मोहारे, सोनल बर्डे सहित अन्य मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस की जनसभा एवं धरना-प्रदर्शन काली पुतली चौक में 28 को

**नवभारत, बालाघाट।** युवा कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 28 जून 2026 को दोपहर 1 बजे काली पुतली चौक, बालाघाट में जनसभा एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश एवं देश के युवाओं, किसानों, छात्रों और आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। प्रदर्शन में नीट पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, मध्यप्रदेश की सरकारी भर्तियों में कथित घोटालों की जांच, कॉलेज छात्रों की छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, बेरोजगारी भत्ता, किसानों के लिए ?3100 प्रति क्विंटल धान खरीदी, डीएपी खाद के दाम कम करने, 5 एचपी तक के किसानों को 24 घंटे निःशुल्क बिजली, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में कमी, स्मार्ट मीटर योजना बंद करने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, महंगाई एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा आदिवासियों की जमीन को भू-माफियाओं से बचाने जैसी मांगों को उठाया जाएगा। युवा कांग्रेस ने जिले के युवाओं, किसानों, छात्रों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने खाया जहर

**नवभारत, जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत ग्राम अमगवां में एक नवविवाहिता ने ससुराल वालों की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर खेत में डालने वाली जहरीली दवा का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में महिला को सिहोरा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम भीटा खुर्द थाना सिहोरा निवासी हेमंत पटेल (27) ने खितौला थाने में शिकायत दर्ज कि उसकी 26 वर्षीय बहन हेमलता पटेल का विवाह अमगवां निवासी अजीत पटेल से हुआ था। हेमलता ने उसे फोन पर बताया कि उसने जहरीली दवा खा ली है।

# अवैध शराब के अड्डों पर छापा, 6 हजार किलो महुआ लाहन किया नष्ट

**नदी में छिपाया, जंगल में बोरियों में भरा था लाहन**

**नवभारत कटंगी।** कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। वृत्त कटंगी की टीम ने ग्राम गोरेघाट के जंगल और नदी किनारे दबिश देकर लगभग 6 हजार किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। आवश्यक नमूने लेने के बाद मौके पर ही पूरा लाहन नष्ट कर दिया गया।

जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई में आबकारी दल ने गोरेघाट के नदी किनारे पानी के अंदर छिपाकर रखा गया महुआ लाहन बरामद किया। साथ ही जंगल क्षेत्र में अलग-अलग जगह प्लास्टिक की बोरियों में भरा भारी मात्रा में लाहन मिला जिसमें जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 6 लाख रुपये आंकी गई है।





**2 प्रकरण दर्ज, जांच शुरू**

कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 2 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं।

वृत्त प्रभारी एवं उपनिरीक्षक संदीप श्रीवास, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके सहित आबकारी विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की।

**अभियान जारी रहेगा**

जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का ने बताया, अवैध मदिरा निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए अवैध मदिरा कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।'

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के अड्डों पर लगातार दबिश दी जा रही है। नदी-नालों और जंगलों में छिपाकर बनाए जा रहे महुआ लाहन को चिन्हित कर नष्ट करने का अभियान तेज कर दिया गया है।